## सार-समाचार

### वार म्यूजियम का अवलोकन किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड व जीबी मोदी पब्लिक स्कूल झुंझुनूं के संयुक्त तत्वावधान में संचालित ग्रीष्मकालीन अभिरुचि कला कौशल शिविर के स्टूडेंट्स ने शौर्य उद्यान का विजिट कर देश के अमर शहीदों एवं विभिन्न प्रकार के सेवा के ऑपरेशंस से रूबरू हुए। सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि दोरासर में स्थित शौर्य उद्यान आज के बालक, बालिकाओं, युवक, युवतियों एवं नौजवानों में जोश उमंग और राष्ट्रभक्ति का जज्बा पैदा करने वाला है। यहां पर अनेक वीर सैनिकों, अधिकारियों की विजय गाथा के लेख एवं उनका राष्ट्र की सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान को इंगित किया हुआ है। यहां पर अभिरुचि शिविर के स्टूडेंट्स ने अवलोकन कर अपने आप को देश सेवा को समर्पित करने के लिए प्रण लिया। इस अवसर पर जीबी मोदी स्कूल की प्रधानाचार्या रंजना मित्तल, मनीषा टेलर, डॉ. राजेश कुमार, ललिता वर्मा, रामचंद्र मीणा, समदरलाल सैनी, सुनिता बेनीवाल, विजेता कुमारी, पिंकी धायल, वंदना, गीता सैनी सहित सैकडों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**सीकर** (निसं)। सीकर के आदर्श विद्या मंदिर स्कूल में गुरुवार से सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। अयोध्या से पधारे कथावाचक आचार्य मधुसूदन दास महाराज के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत भव्य कलश यात्रा से हुई। श्री कल्याण मंदिर से प्रारंभ हुई कलश यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। बैंड-बाजों की धुन पर निकली यात्रा शीतला चौक, रानी सती रोड और माथुर बस्ती होते हुए कथा स्थल तक पहुंची। मार्ग में श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। आचार्य मधुसूदन दास के अनुसार, कथा का आयोजन 29 मई से 4 जून तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। कथा के दौरान विभिन्न प्रसंगों पर आधारित मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी।

### फुले फिल्म का 22वां शो भी हाउसफुल

**पाटन** (निसं)। महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्रीबाई फुले के संघर्षों पर आधारित प्रेरणादायक फुले फिल्म का 22वां शो भी लक्ष्मी टॉकीज में हाउसफुल रहा। करीब 300 दर्शकों ने फिल्म का निःशुल्क आनंद लिया और सामाजिक चेतना से प्रेरित हुए।मेघवंश जागृति संस्थान द्वारा शुरू किए गए इस जनजागरण अभियान में अब तक लगभग 8000 लोगों को फिल्म दिखाई जा चुकी है। अभियान का समापन महाराणा प्रताप जयंती पर विशेष शो के साथ हुआ, जिसमें कई समाजसेवी, शिक्षाविद, चिकित्सक व जनप्रतिनिधि शामिल हुए।समापन समारोह में डॉ. रणजीत मेहरानिया, सुभाष चंद सिंघल, राजेन्द्र प्रसाद मेहरानिया, भगवान सहाय बौद्ध सहित संस्था के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

### साईबर ठगी का शिकार हुए बैंड वादक

**चूरू** (निसं)। शहर में इन दिनों साईबर ठगी के मामले दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। ये ठग प्रतिदिन किसी न किसी व्यक्ति को अनेक तरिकों से अपने जाल में फंसा ही लेते हैं। ऐसा ही एक मामला गुरूवार को जिला मुख्यालय पर सामने आया है। शहर के श्रीराम मन्दिर के पास शादी-पार्टियों में बैंड वादन का काम करने वाले मुस्लिम भी इनका शिकार हो गये। मुस्लिम ने बताया कि गुरूवार सुबह करीब 10:30 बजे मेरे पास कॉल आया कि पुलिस लाईन चूरू में रिटायरमेंट पार्टी है। इसमें बैंड, बैंड वादक और बग्गी की बुकिंग करवाई। बुकिंग के नाम पर एडवांस पेमेंट भेजने के चक्कर में 5578 रुपये खाते से निकाल लिये। इससे बैंड मालिक सक्ते में आ गया। मुस्लिम ने बताया कि हम मजदूर वर्ग के लोग हैं, इससे हमें आर्थिक और मानसिक ठेस पहुंची है। इसको लेकर गुरुवार को कोतवाली में मामला भी दर्ज कराया गया है।

### कार्यशाला आयोजित

**सीकर** (निसं)। महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र विकास सिहाग ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा राज्य में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए जारी नीतियों एवं योजनाओं के प्रति उद्यमियों को जागरूक करने के लिए कल 30 मई को जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन प्रातः 11 बजे होटल रॉयल ईन में किया जायेगा।

# कलेक्टर ने लोहार्गल धाम का दौरा किया

**खिरोड़,** (निसं)। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने गुरुवार को लोहार्गल धाम का विशेष दौरा किया। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने लोहार्गल धाम पहुंचकर लोहार्गल धाम के सूर्य नारायण मंदिर में धोक लगाई।

लोहार्गल धाम क्षेत्र के विशेष दौरे के दौरान जिला कलेक्टर रामावतार मीणा के साथ प्रशासनिक अधिकारी पीडी आरटीसी व अन्य अधिकारी भी साथ रहे। लोहार्गल डेवलपमेंट को लेकर भजनलाल सरकार ने रोपवे, गोल्याणा से लोहार्गल तक रोड डेवलपमेंट 24 कोसी सूर्य क्षेत्र के डेवलपमेंट को लेकर जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने लोहार्गल पीठाधीश्वर जगतगुरु श्री रामानुजाचार्य सूर्य मठ के पीठाधीश्वर महंत अवधेशाचार्य महाराज से विचार विमर्श किया और प्रधान सूर्य मठ में पूजा अर्चना कर पूरे क्षेत्र का अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि जल्द ही सरकार के द्वारा सुनियोजित रोपवे और सड़कों का अन्य कार्यों का डवलपमेंट चालू हो जाएगा। जगद्गुरु श्री रामानुजाचार्य लोहार्गल महंत अवधेशाचार्य महाराज ने बताया कि सरकार के प्रोजेक्ट लोहार्गल को डेवलपमेंट करने के कार्य को लेकर पूर्व में मुख्यमंत्री से भेंट की थी और वर्तमान विधायक नवलगढ़ ने भी राजस्थान सरकार को अवगत कराया।

जिसके तहत कई कार्य लोहार्गल में डवलपमेंट के होने वाले हैं। इधर लोहार्गल धाम पहुंचे जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने सूर्य कुंड की स्थिति अच्छी एवं लोहार्गल क्षेत्र के विभिन्न मार्गों का अवलोकन करके संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए।



जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने लोहार्गल धाम का विशेष दौरा किया।

# आत्मबोध के लिए भारत बोध को जानना और समझना जरूरी : डॉ. मनमोहन

- **शेखावाटी विश्वविद्यालय में 'भारत की भारतीय अवधारणा' विषय पर संवाद कार्यक्रम**

**सीकर** (निसं)। वरिष्ठ सामाजिक-सांस्कृतिक विचारक एवं लेखक डॉ. मनमोहन वैद्य ने कहा कि आत्मबोध के लिए भारत बोध को जानना और समझना जरूरी है। हमारी दिशा तय करने के लिए हमको खुद को पहचानना होगा।

डॉ. मनमोहन वैद्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर में महाराणा प्रताप जयंती पर गुरुवार को 'भारत की भारतीय अवधारणा' विषय पर विशेष संवाद कार्यक्रम को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। डॉ. वैद्य ने कहा कि भारतीय समाज में प्रचलित मिथ्या अवधारणाओं में जैसे भारत एक कृषि प्रधान देश है, जबकि यह उद्योग प्रधान देश है। उन्होंने कहा कि पूजा की पद्धितयां भिन्न होते हुए भी धर्म एक ही है, जैसे कि कोविड समय में मृत्यु का भय होते हुए भी भारतीयों ने स्वयंसेवकों के रूप में काम कर अपना धर्म निभाया। उन्होंने कहा कि भारत को समझने के लिए धर्म शब्द को समझना होगा। भारत का भारत होना आध्यात्म आधारित है और जीवन से जुड़ा है। आध्यात्म आधारित जीवन दृष्टि वसुधैव कुटुंबकम की भावना है। उन्होंने कहा कि भारतीय युवाओं में टेलेंट है फिर भी हम विदेशों की तरह विकास नहीं कर पाए?

कार्यक्रम का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर और भारतीय शिक्षण मंडल युवा आयाम, जयपुर प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती, पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा और महाराणा प्रताप के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कुलगुरु प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय ने मुख्य वक्ता डॉ.मनमोहन वैद्य का शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। डॉ. वैद्य ने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से भारतीयता की मौलिक अवधारणा, स्वदेशी दृष्टिकोण और सांस्कृतिक आत्मनिर्भरता पर विस्तार से प्रकाश डाला।

अध्यक्षीय उद्बोधन में शेखावाटी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय ने महाराणा प्रताप के स्वाभिमान, राष्ट्रभक्ति और त्याग को आज के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया। प्रो. राय ने महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भारत की भारतीय अवधारणा पर आज चिंतन की आवश्यकता है और इसके लिए युवाओं को आगे आना होगा।

कार्यक्रम में डॉ. विद्याधर शर्मा सरस्वती वंदना पेश की। विस्तारक शिवम ने ध्येय श्लोक और डॉ आरएस चुंडावत ने ध्येय वाक्य का वाचन किया। भारतीय शिक्षण मंडल जयपुर प्रांत के प्रांत मंत्री डॉ. गजेंद्र पाल सिंह ने आभार व्यक्त किया। संचालन डॉ. चेतना जोशी और डॉ. प्रियंका ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव श्रीमती श्वेता यादव, नेस्ट भारत प्रोग्राम की राजस्थान क्षेत्र प्रमुख डॉ. विनीता राजपुरोहित, भारतीय शिक्षण मंडल जयपुर प्रांत के युवा आयाम प्रमुख डॉ. मुकेश शर्मा, भारतीय शिक्षण मंडल के प्रान्त सहमंत्री डॉ. सीपी सिंह, उमेश बंसल , कोष प्रमुख सीए नीरज गुप्ता, महिला प्रकल्प प्रमुख डॉ. नीलम पुनार, युवा आयाम सह प्रमुख सुनील शर्मा, शिवम सिंह (विस्तारक), प्रोफ. योगेश झारवाल (मेडिकल कॉलेज), विवि के निदेशक (अकादमिक, शोध, खेल) डॉ. राजेंद्र सिंह, उप कुलसचिव (संबद्धता) डॉ. रविंद्र कुमार कटेवा, सहायक कुलसचिव (परीक्षा) डॉ. संजीव कुमार, आईटी निदेशक पंकज मील, डॉ. महेश गुप्ता (मीडिया), डॉ.बीएस राठौड समेत कई फेकल्टी मैंबर्स समेत बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक, शोधार्थी एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

विशेष संवाद कार्यक्रम के बाद शेखावाटी विश्वविद्यालय के शोधार्थियों के लिए प्रकाशन की नैतिकता और शोध दर्शन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के वक्ता राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के प्रो. अनंतवीर सिंह मदनावत और प्रो. अरविन्द विक्रम सिंह थे। दोनों वक्ताओं ने प्रकाशन की नैतिकता और शोध दर्शन पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में शोधार्थियों ने विषय विशेषज्ञों से सवाल जवाब भी किए।

## सार-समाचार

### निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर संपन्न

**सीकर,** (निसं)। हरिराम बहड़ सेवा संस्थान के सौजन्य से स्व. हरिराम बहड की 23वीं पुण्य तिथि पर गुरुवार को चौकड़ीया विश्राम भवन में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। संस्थान द्वारा स्व. बहड की स्मृति में यह 9वाँ निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। यह जानकारी देते हुए संस्था के श्रीराम जोशी व जानकी प्रसाद इन्दोरिया ने बताया कि विधायक राजेंद्र पारीक, पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी व निवर्तमान सभापति जीवण खां ने स्व. बहड के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में 102 रोगियों का पंजीकरण कर जांच एवं औषधि वितरित की गई। इनमें से चयनित 40 रोगियों का निशुल्क आपरेशन किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक राजेंद्र पारीक ने कहा कि यह आयोजन श्रद्धांजलि एवं सेवा का अनुपम संगम है। बहडजी ने अपने जीवन में निस्वार्थ भाव से समाज सेवा की है। कहा वे एक गृहस्थ संत थे। पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी ने कहा कि हरिराम बहड सेवा संस्थान द्वारा मानव सेवा के लिए किये गये कार्यों की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। नेत्र चिकित्सा शिविर में वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नरेंद्र चौहान एवं उनकी अनुभवी टीम ने अपनी सेवाएं दी। श्रद्धांजलि सभा पुष्कर उपाध्याय, चितरंजन सिंह राठौड़, जगदीश प्रसाद चौकड़ीका, सुभाष मील, डॉ. अमित माथुर, सांवरमल बालाजी, भंवर सिंह बालापोता, डॉ. राजेश ऋषिका, सुभाष जोशी, मुरारी शुक्ला, सुशील अग्रवाल, राजेंद्र खंडेलवाल सहित काफी संख्या में शहर के गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

### प्रतिभाओं का सम्मान किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड कक्षा 10वीं परीक्षा में जिले के टॉपर्स में शामिल हुई प्रतिभाओं का विप्र समाज द्वारा अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विप्र समाज के जिलाध्यक्ष पवन शर्मा देरवाला, कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप शर्मा अलसीसर, महामंत्री शिवचरण पुरोहित, मंत्री ब्रह्मकुमार शर्मा, सुरेंद्र शर्मा प्रिंसिपल ने घर जाकर अनन्या को माल्यार्पण कर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। शहर के इंदिरा नगर की निवासी अनन्या पुत्री गौरव शर्मा ने बोर्ड परीक्षा में 99.5 प्रतिशत मार्क्स प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अनन्या के पिता राजकीय विद्यालय में प्रिंसिपल और दादी सुधा शर्मा भी सेवानिवृत्त शिक्षिका है। अनन्या ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपनी दादी जी और माता पिता को दिया है। इसी प्रकार झुंझुनूं की ही निवासी डिम्पल शर्मा पुत्री प्रमोद कुमार चोटिया ने 96.17 प्रतिशत अंक आने पर समाज के पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। डिम्पल के पिता प्रमोद चोटिया और माता पिंकी चोटिया एलआईसी अभिकर्ता हैं। डिम्पल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा रतन चोटिया और माता पिता को दिया है।

### श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**रतनगढ़** (निसं)। स्थानीय ग्रामीण किसान छात्रावास स्थित सभागार में संस्थान की आम सभा आयोजित की गई। इससे पहले देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। उपस्थित जनों ने चौधरी चरण सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उनके गौरवशाली इतिहास को याद किया। भगीरथ खीचड़, सोहनलाल चबरवाल, विक्रमपाल थालौड़, शिवलाल ढेवा, रामचंद्र खीचड़, छात्र कैलाश भींचर और संस्थान अध्यक्ष सुल्तान सिंह भींचर ने चरणसिंह के जीवनवृत और उनके समाज व राष्ट्र को दिए योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। सचिव पवन सेवदा ने बताया कि कार्यक्रम का द्वितीय सत्र गुलाराम पूनिया की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिसमें संस्थान अध्यक्ष सुल्तान सिंह भींचर और कोषाध्यक्ष खींवाराम ख्यालिया ने सदन में प्रतिवेदन पेश करते हुए विकास कार्यों का ब्यौरा दिया और वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया। इसके उपरांत प्रतिवेदन पर बहस और प्राप्त सुझावों पर प्रति उत्तर पेश किया। इस अवसर पर गोविंदराम ढाका, नानूराम बिरडा, सांवरमल बढ़जाति,गोपीचंद खीचड़, रामेश्वरलाल सूंडा, हरबंश जानू, अर्जुनराम कुल्हरी, रामचंद्र ऐचरा,हनुमान न्यौल, शीशपाल, सहीराम सिंवाल, महेंद्र डूडी सहित छात्रावास के विद्यार्थी और समाज जन उपस्थित थे। संचालन अधीक्षक शुभकरण नैण ने किया।

### शोभायात्रा निकाली

**बीदासर** (निसं)। कस्बे के नोखा रोड स्थित दादू दयाल संत आश्रम तपो धाम में गंगा दशहरे के उपलक्ष्य में नौ दिवसीय विशाल धार्मिक आयोजन गुरुवार को श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ से शुरू हुआ। इस अवसर पर कथा का शुभारंभ करते हुए कथावाचक देवकी नंदन व्यास ने कहा कि भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का पावन संगम ही श्रीमद् भागवत कथा है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा मुक्ति का मार्ग है, तथा भागवत सुनने मात्र से मनुष्य का कल्याण हो जाता है। इसलिए कथा सुनने के लिए सभी को समय निकालना चाहिए। इस अवसर पर व्यास ने कथा के महात्म्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। कथा के शुभारंभ पर व्यासपीठ की पूजा अर्चना बाबा महामंडलेश्वर संत मेला दास तपस्वी, संत तपस्वी दास सहित अनेक श्रद्धालु ने की। कथा के शुभारंभ से पूर्व बुधवार की देर शाम कस्बे के रघुनाथ जी के मंदिर से गाजे बाजे के साथ विशाल कलश शोभायात्रा कस्बे के मुख्य मार्गों से निकाली गई। शोभायात्रा में महिलाएं भजन कीर्तन करते हुए मुख्य मार्गों से गुजरी तो शोभायात्रा को देखने के लिए जगह जगह श्रद्धालुओं का हजूम उमडा पडा। शोभायात्रा में विभिन्न देवी-देवताओं की झांकियां आकर्षण का केंद्र रही।

### जरूरतमंद परिवार की लड़की की शादी में सहयोग किया

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर कस्बे के वार्ड नंबर 25 में एक बहुत गरीब परिवार की लड़की की शादी थी इसी को लेकर वार्ड के पार्षद ताराचंद वाल्मीकि ने राजलदेसर युवा विकास समिति के अध्यक्ष रतनलाल बाफना को इसके बारे में अवगत कराया। जिसको लेकर समिति के सभी सदस्यों ने 25000 हजार रुपए की राशि का सामान व 11000 हजार रुपए नगद राशि जरूरतमंद परिवार के घर पर जाकर समिति के अध्यक्ष रतनलाल बाफना,मंत्री मदन दाधीच, विनोद भाटिया,महिला कार्य समिति सदस्य मधु श्रीमाल,पार्षद ताराचंद वाल्मीकि,कालूराम तंवर,असलम नागौरी आदि सदस्यों ने उनके निवास स्थान पर जाकर सामान एवं नगद राशि उपलब्ध करवाई पूरे परिवार के सदस्यों ने सभी का आभार जताया एवं पार्षद ताराचंद वाल्मीकि ने कहा राजलदेसर युवा विकास समिति हमेशा गरीबों को गणेश मानकर सेवा करती है जब-जब समिति के सदस्यों को जरूरतमंद परिवार की सूचना मिलती है हमेशा समिति के सदस्य तैयार रहते हैं उन्होंने कहा मात्र 12 घंटे में आप लोगों ने जो सहयोग किया है उसके लिए समिति के सदस्यों की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है।

### साधारण सभा की बैठक आज

**नवलगढ़,** (निसं)। नवलगढ़ पंचायत समिति की साधारण सभा की मीटिंग शुक्रवार 30 मई को प्रधान दिनेश सुंडा की अध्यक्षता में होगी। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। तथा सभी जिला परिषद सदस्य पंचायत समिति सदस्य सरपंच करने एवं सभी विभागों के के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

# जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

**झुंझुनूं,** (निसं)। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान एवं बाल श्रम मुक्त अभियान के तहत बाल अधिकारिता विभाग झुंझुनूं द्वारा मंडावा के निर्मल क्लासेज व वाहिदपुरा गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग झुंझुनूं के सहायक निदेशक अरविंद कुमार ओला के निर्देशन में बाल विवाह रोकथाम के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इस जागरूकता कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 बाल अधिकारिता विभाग की टीम ने निर्मल कोचिंग क्लासेज के बच्चों व वाहिदपुरा गांव की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका को बाल विवाह रोकथाम के लिए शपथ दिलवाई और बाल श्रम, बाल भिक्षावृति, बाल तस्करी, पोक्सो एक्ट, गुड टच बैड टच के बारे में विस्तृत जानकारी दी। चाइल्ड हेल्पलाइन झुंझुनूं के काउंसलर अरविंद कुमार व केस वर्कर नरेंद्रसिंह भाटी ने निर्मल क्लासेज के समस्त स्टाफ व बच्चों को एवं वाहिदपुरा गांव की आंगनबाडी में कार्यकर्ता, सहायिका एवं गांव की महिलाओं को बाल विवाह एवं बाल शोषण के शिकार बच्चों की सूचना होने पर अतिशीघ्र चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1098 पर देने के लिए जागरूक किया गया।

उन्होंने कहा कि चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 हर समय बच्चों की सुरक्षा और उनकी मदद के लिए तैयार रहती है। जिससे बच्चों को किसी भी प्रकार की हिंसा, शोषण और उत्पीड़न से बचाया जा सकता है। इस कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन के जिला परियोजना समन्वयक महेश कुमार मांजू ने बताया कि जिले के मंडावा के निर्मल क्लासेज के संचालक रजनीश कुमार एवं समस्त स्टाफ तथा वाहिदपुरा गांव की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरोज देवी, सहायिका बबिता बेरवाल, बाल अधिकारिता विभाग के संरक्षण अधिकारी विकास कुमार इत्यादि स्टाफ एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी बच्चों, कोचिंग स्टाफ एवं आंगनबाड़ी कर्मचारियों को बाल विवाह एवं बालश्रम से जुड़े खतरों और उसके दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही उन्हें यह बताया गया कि बाल विवाह से बच्चों का शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास प्रभावित होता है और इससे कई सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न होती हैं।

बाल विवाह के संदर्भ में प्राप्त होने वाली सूचना चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, उपखंड अधिकारी (बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी), स्थानीय पुलिस, बाल कल्याण समिति, सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग, उप निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग इत्यादि को यथाशीघ्र सूचना दी जाए। ताकि बाल विवाह की रोकथाम की समुचित कार्यवाही हो सके तथा बालश्रम के संदर्भ में प्राप्त होने वाली सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, जिला श्रम अधिकारी, मानव तस्करी विरोधी यूनिट एवं स्थानीय थाने के बाल थानाधिकारी को यथाशीघ्र सूचना दी जाए।

## प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**सादुलपुर,** (निसं)। विप्र फाउंडेशन तहसील इकाई राजगढ़ द्वारा गुरुवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का कार्यक्रम श्याम मंदिर प्रांगण में तहसील अध्यक्ष चिरंजीवी लाल तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। शाम पांच बजे दी जानकारी के अनुसार विप्र फाउंडेशन के जिला मीडिया प्रभारी दुर्गेश जोशी ने बताया कि विप्र फाउंडेशन द्वारा हर साल की तरह इस साल भी विप्र समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत में भगवान परशुराम की फोटो के आगे फूल माला तथा दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत हुई और विप्र वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसी दौरान 12वीं कक्षा के 50 बच्चों, सरकारी नौकरी में चयन तथा प्रमोशन वालों को संख्या 45 कर्मचारियों तथा कक्षा दसवीं कक्षा के 7० बच्चों तथा सनातकोतर के 75 बच्चों को सम्मानित किया गया। वहीं इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान के पूर्व मंत्री तथा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, विशिष्ट अतिथि के रूप में मधुसूदन राजपुरोहित आदि रहे।

## नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी को पत्र लिखा

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर नगर पालिका में लगातार भ्रष्टाचार एवं पालिका अध्यक्ष गंगा देवी के फर्जी साइन को लेकर बिलों का भुगतान उठाने को लेकर लगातार भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस के नेता अधिकारियों पर लगातार आरोप लगा रहे हैं।

इसी को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका अध्यक्षा गंगा देवी ने 26 मई को नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी कुंदन देथा को पत्र लिखकर अवगत कराया की 1 जनवरी 2024 से 26 मई 2025 तक राजलदेसर कस्बे में विभिन्न वार्डों में करवाएंगे सीसी रोड, इंटरलॉक रोड ,चौक ,नाला-नाली, एवं अन्य पेटी वर्क कोटेशन के द्वारा करवाए गए विभिन्न निर्माण कार्यों की समस्त पत्रावलियां सूची बद्ध मय ब्यौरा भुगतान 7 दिवस के अंदर प्रस्तुत करने को लेकर लेटर जारी किया है। नगर पालिका अध्यक्षा गंगा देवी ने बताया मुझे ऐसी जानकारी मिली है कि उपरोक्त पत्रावली में विभिन्न कार्मो के एवज में स्टाफ की मिली भगत से मेरे फर्जी साइन करके बड़ी धनराशि का भुगतान उठाया गया है साथ ही गंगा देवी ने इस अवधि में जितने भी पट्टे की पत्रावलियों का निस्तारण करके पट्टे जारी किए गए हैं उन सभी की पत्रावलियों को 7 दिवस में पुनरावलोकन के लिए प्रस्तुत करें। गंगा देवी ने बताया मुझे जानकारी मिली है की पट्टो की पत्रावलियों और जारी किए गए पट्टों में मेरे फर्जी हस्ताक्षर करके स्टाफ की मिली भगत से अनेक पट्टे जारी किए गए हैं।


**विवाधको के स्थिरीकरण के लिये समन**

**(आदेश 5 के नियम 1 और 5)**

**न्यायालय सहायक कलेक्टर, झुन्झुनू**

**वादी मंजू कनवा विरुद्ध ताराचन्द**

**दावा बाबत क्लेम**

**सिविल वाद संख्या 317 सन् 2024**

1. नानची देवी पत्नी रामपाल निवासी उदयपुरवाटी तहसील उदयपुरवाटी जिला झुंझुनूं (राज.), 2. प्रकाश पुत्र, मोहनलाल

3. रामनिवास पुत्र मोहनलाल, 4. विनोद पुत्र मोहनलाल, - समस्त निवासीगण धोलाखेडा तहसील गुढ़ा गौड़जी, जिला झुन्झुनू (राज.), 5. बिमला पुत्री मोहनलाल पत्नी साघुराम, निवासी धोलाखेडा तहसील गुढ़ा गौड़जी, जिला झुन्झुनू (राज.) हाल निवासी मैनपुरा, तहसील गुढ़ा गौड़जी, जिला झुन्झुनू राज., 6. सुशीला पुत्री मोहनलाल पत्नी मूलचन्द, निवासी घोलाखेडा तहसील गुढ़ा गौड़जी, जिला झुन्झुनू (राज.) हाल निवासी रामपुरा गौल्याणा तहसील नवलगढ़, जिला झुन्झुनू राज, 7. बिरजू देवी पुत्री मोहनलाल पत्नी महीपाल, 8. दुर्गी देवी पुत्री मोहन लाल पत्नी सतपाल, - समस्त निवासीगण निवासी धोलाखेडा तहसील गुढ़ा गौड़जी, जिला झुन्झुनू (राज.) हाल निवासी राणी सती मंदिर के पास कस्बा झुंझुनूं तहसील व जिला झुंझुनूं

वादी मंजू कनवा ने आपके विरूद्ध संलग्न नकल वाद के लिये संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में तारीख 19/06/2025 को दिन के 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात होने के लिये समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतीक्षा का लिखित कथन दाखिल करें। और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है, पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है, और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावें के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसे दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपवद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टी करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह आज तारीख 395/19.5.2025 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

मोहर अदालत

सहायक कलक्टर झुन्झुनूं


# जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा के नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने शपथ ली

**चूरू** (निसं)। स्थानीय तेरापंथ भवन में आचार्य महाश्रमण की सुशिष्या साध्वी मंगल प्रभा ठाणा-चार के सानिध्य में श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा चूरू की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। तेरापंथ सभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष छतरसिंह डागा ने बताया कि नमस्कार महामंत्र के उच्चारण से साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। सर्वप्रथम सभा गीत व श्रावक निष्ठा पत्र का वाचन किया गया।

इस दौरान महिला मंडल की ओर से मंगलाचरण की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव करवाने पर चुनाव अधिकारी ताराचंद बांठिया व सुरेंद्र कोठारी का आभार व्यक्त करते हुये नवगठित कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इस दौरान नव निर्वाचित अध्यक्ष छतरसिंह डागा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिलीप राज दूगड़, उपाध्यक्ष श्रवण कोठारी, मंत्री शांतिलाल कोठारी, सह मंत्री प्रकाश कोठारी, संगठन मंत्री राकेश कोठारी, कोषाध्यक्ष राजकुमार कोठारी, कार्यकारिणी सदस्य सौरभ कोठारी, संजय कोठारी, जयसिंह बैद, विनोद लूणियां, कमल सिंह कोठारी, शांतिलाल पारख, नरेंद्र बच्छावत, देवरतन पारख आदि पदाधिकारियों को निवर्तमान अध्यक्ष नरेन्द्र कोठारी व तेरापंथी महासभा के बीकानेर अंचल के प्रभारी राजेश बांठिया ने पद एवं गोपनियता की शपथ दिलाई।



श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा चूरू की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ।

इस अवसर पर डॉ. मांगीलाल श्यामसुखा, पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया, अणुव्रत समिति के अध्यक्ष रचना कोठारी, श्याम सुंदर शर्मा, प्रो. कमल कोठारी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष व कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में साध्वी समप्रभा ने गीत की प्रस्तुति दी। साध्वी मंगलप्रभा ने नवगठित टीम को गुरु दृष्टि के अनुसार संघ हित में व समाज हित में कार्य करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर डॉ. प्रेम प्रकाश गोयल, डॉ. एफ.एच. गौरी, डॉ. शिल्पा गोयल, एडवोकेट गुलाब नबी गौरी, ओम प्रकाश तंवर, राजेश स्वामी, गुरूदास भारती, उमाशंकर बहड़, शिव कुमार चौमाल सहित शहर के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष छतरसिंह डागा ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन राजेश बांठिया ने किया।


**राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड झुंझुनूं**

**आवश्यक सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल की खण्ड झुंझुनूं के अधीन आवासीय योजनाओं के निम्न सूची में सम्बन्धित आवंटियों को मण्डल द्वारा किराया क्रय / नकद भुगतान / स्ववित पोषित योजना / खुली बिक्री योजना के अन्तर्गत आवास आवंटित किये थे। इन आवंटियों ने अपने आवास का विक्रय / हस्तानान्तरण अन्य व्यक्तियों को कर दिया है। आवास क्रय करने वाले व्यक्तियों ने आवास को अपने पक्ष में नियमितिकरण हेतु वांछित प्रपत्रों सहित आवेदन किया है। मण्डल द्वारा निम्न सूची में सम्मिलित आवास का मूल आवंटी के नाम से निरस्तीकरण / एवं क्रेता के पक्ष में नियमितिकरण के विरूद्ध यदि कोई हितकारी अपना पक्ष प्रस्तुत करना चाहे तो इस सूचना के प्रकाशन होने की दिनांक से 07 दिवस में झुंझुनूं के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा यह मानते हुये कि इन आवासों के मूल आवंटी/अन्य किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति नहीं है। मूल आवंटी के नाम से आवास निरस्त करते हुये क्रेता के पक्ष में नियमितिकरण किये जाने की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी।

| क्र.सं. | आवास संख्या | मूल आवंटी का नाम | क्रेता का नाम | योजना का नाम | शहर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3/241 | श्रीमती चन्द्रकला | श्रीमती रोशनी देवी | चूरू | चूरू |

(जे.पी.वर्मा) आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-झुंझुनूं



**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**"सार्वजनिक सूचना"**

रेलवे लाईन व लाईन के समीप परिसर का प्रयोग करने वाले सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि उत्तर पश्चिम रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर ओवरहेड ट्रेक्शन कर्षण तारों को दर्शायी गई तारीख पर या उसके बाद 25,000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज, प्रत्यावर्ती विद्युत धारा द्वारा उर्जित (इनर्जाइज) कर दिया जायेगा। दर्शायी गयी तारीख से ओवरहेड ट्रेक्शन कर्षण तारों को हमेशा व पूरे समय उर्जित माना जाए तथा कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति कथित लाईनों के नजदीक नहीं जाएगा और न ही उसके समीप कार्य करेगा।

| अनुभाग | उर्जित (इनर्जाइज) करने की तारीख |
|---|---|
| रतनगढ़-बीकानेर खंड के परसनेऊ स्टेशन यार्ड में अतिरिक्त लूप लाइन संख्या 3 के निर्माण और लाइन संख्या 1 के विस्तार के कारण OHE मास्ट नंबर 351/07 (किमी : 351/381) से OHE मास्ट नंबर 352/15A (किमी: 352/844.50) तक। | 30.05.2025 |

वरि. मंडल विद्युत अभियंता/टी.आर.डी एवं जी.एस.यू. उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर

629/CR-25 हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें



**MANAPPURAM FINANCE LTD.**

CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

**निलामी सूचना**

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.06.2025 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुनः सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

चूरू, सरदार शहर, 135720730027098, सुजानगढ, 135090700015300, हनुमानगढ़, बाबा शाम सिंह कॉलोनी, 117270730042867, नोहर राजस्थान, 135640700028804, 135640730053530, पिलीबंगन, 135180730029715, 9754, 9760, 9820, नागपुर, लाडनूं, 137990700001312, 1380, 1414, 1612, 1616, 2351, 137990730014585, 4586, 6054, मकराना, 138030700004007, 138030730042449, श्रीमाधोपुर राजस्थान, 135520700010953, 0961, 0962, 0972, 0975, 135520730065593, 5734, सीकर, बजाज रोड सीकर, 111830730087605, 7634,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.